बरसाती नाले में घुसी महिला कांस्टेबल ने निकाला बाहर

जान की परवाह किया बिना नाले में घुसा कांस्टेबल

अमर उजाला ब्यूरो

मनीमाजरा। सोमवार को एनएसी की कोठियों के पीछे बने बरसाती नाले में घुसी मानसिक तौर पर बीमार एक महिला को बचाकर चंडीगढ़ पुलिस के कांस्टेबल प्रदीप ने सराहनीय कार्य किया है। महिला के नाले में होने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे चंडीगढ़ पुलिस की पीसीआर पर तैनात कांस्टेबल अपनी जान की परवाह न कर महिला को बचाने के लिए नाले में जा घुसा और आधे घंटे बाद उसे निकाल कर बाहर ले आया और इसके बाद महिला को मनीमाजरा अस्पताल ले गया। जहां जरूरी उपचार के बाद डॉक्टरों ने महिला को सेक्टर - 32 के अस्पताल भेज दिया है।

सोमवार सुबह आठ बजे दिमागी रूप से अस्वस्थ महिला प्रियंका (27) पंचकूला की सीमा के बीचोंबीच बह रहे एक निर्माणाधीन बरसाती नाले में उतर गई। नाले का कुछ हिस्सा पूरी तरह से ढका हुआ है। इस दौरान किसी ने महिला को नाले में उतरता देख चंडीगढ़ पुलिस कंट्रोल रूम में सूचित कर दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंचा कांस्टेबल प्रदीप कुमार परिस्थितियों को देखते हुए गंदे पानी के नाले में उतर गया। गंदे पानी से भरे नाले के अंदर अंधेरा होने पर कांस्टेबल अपने मोबाइल के टार्च की रोशनी से महिला तक पहुंचा और करीब आधे के बाद कड़ी मशक्कत के साथ उक्त महिला को बाहर निकाला।





नाले से निकाली गई महिला और नाले से निकालने वाला चंडीगढ़ कांस्टेबल प्रदीप।

वहीं, कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस दौरान पंचकूला पुलिस के होमगार्ड बाहर खड़े यह सब देखते रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की पहचान हो गई है, वह अपने भाई के साथ यही एनएसी में रहती है। जोकि दिमागी तौर अस्वस्थ है और जिसका इलाज सेक्टर-32 के अस्पताल में चल रहा है।

Amar Ujala Dt: 02/10/18